पेज थ्री
देहरादून

उत्तर प्रदेश के 44 श्रमिकों को विधायक ने किया रवाना।





# हमारा दून

## प्रवासियों को इंस्टीटयूशनल क्वारेंटाइन किये जाने की जरूरत

**सलाह**

■ सरकार को इसके लिए ठोस नीति तैयार करने की जरूरत है

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा है कि प्रवासियों को इंस्टीटयूशनल क्वारेंटाइन किये जाने की आवश्यकता है सरकार को इसके लिए ठोस नीति तैयार करने की जरूरत है।

शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए धस्माना ने कहा है कि सरकार ने राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में भी कोरोना वायरस ने दस्तक दे दी है दो लाख सात हजार लोगों को वापसी की बात की जा रही है और अब तक हजारों लोग उत्तराखंड पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासियों को इंस्टीटयूशनल क्वारेंटाइन करने की आवश्यकता है सरकार के पास इस समय कोई कमी नहीं है।

स्कूल, कॉलेज, होटल, धर्मशालयें, अस्पताल पूर्ण रूप से खाली हैं यहां पर पर्याप्त व्यवस्था कर इन्हें क्वारेंटाइन सेंटर बनाये चाहिए थे लेकिन सरकार ने इस प्रकार का कोई काम नहीं किया है केवल ग्राम प्रधानों पर क्वारेंटाइन करने का काम छोड़ दिया गया है उन्हें सुविधायें दी जानी चाहिए।

### प्रदेश में तनाव की स्थितिः सूर्यकांत धस्माना

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि ग्राम प्रधान भोजन पानी की व्यवस्था ही कर सकता है वह पुलिसिया काम नहीं कर सकता है इससे प्रदेश में तनाव की स्थिति पैदा हो रही है कई स्थानों पर झगड़े होने की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमितों की सरकार को कोई चिंता नहीं है।

कोरोना वायरस से उत्पन्न परिस्थिति से निपटने के लिए

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उठाये गये महत्वपूर्ण कदम



त्रिवेन्द्र सिंह रावत
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

- कोरोना महामारी के दृष्टिगत उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सम्पूर्ण उत्तराखण्ड को ``आपदा प्रभावित'' क्षेत्र घोषित किया गया।
- उत्तराखण्ड में कोरोना का निःशुल्क ईलाज तथा राज्य में 4 कोरोना टेस्टिंग लैब चालू की गई।
- कोरोना वारियर्स के जीवन की क्षति होने पर ₹10 लाख की सम्मान राशि दिये जाने की व्यवस्था।
- प्रदेश के 11 जनपदों में आई.सी.यू. की स्थापना।
- बहु प्रतीक्षित टेलीमेडिसन सेवा व दून मेडिकल कॉलेज में ई–हॉस्पीटल सेवा प्रारम्भ।
- कोरोना के दृष्टिगत अभी तक लगभग 475 चिकित्सकों को दी गई नियुक्ति, 470 चिकित्सकों की होगी अतिरिक्त नियुक्ति।
- आयुष्मान भारत/अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना का लाभ प्रदेश के सभी राजकीय कार्मिकों एवं पेंशनर्स को स्टेट गर्वमेंट हेल्थ स्कीम के तहत निःशुल्क चिकित्सा उपचार का प्रावधान।
- दून, श्रीनगर, हल्द्वानी तथा अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में मुख्य रूप से कोरोना का उपचार।
- राज्य में वर्तमान में कोविड के लिए कुल 236 आई.सी.यू. बैड, 120 वेंटीलेटर तथा 42 बाईपैप मशीनें स्थापित की गई।
- आगामी 4 माह में राज्य में आई.सी.यू. बैड्स की संख्या 525, वेंटीलेटर की संख्या 363 तथा बाईपैप मशीनों की संख्या 52 किये जाने की योजना।
- राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कई अहम निर्णय लिये गये।
- प्रवासी उत्तराखण्ड भाई–बहनों को ट्रेन व बस से लाया जा रहा है निःशुल्क तथा उससे संबंधित खर्च वहन कर रही है राज्य सरकार।
- मनरेगा के तहत लगभग 12500 से अधिक कार्य प्रारम्भ, 1 लाख 50 हजार से अधिक श्रमिकों को मिला रोजगार। लगभग 5000 उद्योगों को संचालन की अनुमति।
- निर्माण कार्यों की आवश्यकता को देखते हुए पुनः खनन शुरू।
- 1 लाख 98 हजार श्रमिकों को ₹2–2 हजार की सहायता राशि उनके खाते में ट्रांसफर कर दी गई हैं।
- मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से खुलेंगे रोजगार के द्वार तथा प्रदेश में लौटे प्रवासियों को घर में ही मिलेगा रोजगार। निर्माण में ₹25 लाख और सेवा क्षेत्र में ₹10 लाख तक का ऋण का प्रावधान, जिसमें ₹1.25 लाख से ₹6.25 लाख का होगा अनुदान।
- कोविड संक्रमण के चलते वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग तथा परित्यक्ता पेंशन प्रथम तिमाही किश्त जो जून में दी जानी थी, को माह अप्रैल में ही भुगतान किया गया। इसमें कुल पात्र 732687 को ₹ 26568.72 लाख (₹ 2 अरब 65 करोड़, 68 लाख 72 हजार) का भुगतान किया गया।
- बीज में मिलने वाली सब्सिडी के अलावा 25 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी कृषकों को दिये जाने का निर्णय।
- प्रदेश के लगभग 3 लाख 50 हजार किसानों द्वारा लिये गये ऋण के भुगतान हेतु 03 माह का समय बढ़ाया गया।
- एन.एफ.एस.ए. (अन्त्योदय अन्न योजना एवं प्राथमिक परिवार) तथा राज्य खाद्य योजना के अन्तर्गत 03 माह (अप्रैल, मई, जून 2020) के नियमित आवंटन का अग्रिम उठान कर उपभोक्ताओं को वितरण करवाया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत प्राथमिक परिवार एवं अन्त्योदय अन्न योजना के 61.94 लाख लाभार्थियों को 03 माह हेतु प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. चावल तथा 13.49 लाख राशन कार्डधारकों/परिवारों को 03 माह हेतु प्रति राशन कार्ड 01 कि.ग्रा. दाल निःशुल्क वितरित की जा रही है।
- राज्य खाद्य योजना के अन्तर्गत अप्रैल, मई, जून 2020 हेतु मासिक 7.50 कि.ग्रा. खाद्यान्न के स्थान पर राज्य सरकार द्वारा मासिक 20 कि.ग्रा. खाद्यान्न (10 कि.ग्रा. गेहूं ₹8.60 प्रति कि.ग्रा. तथा 10 कि.ग्रा. चावल ₹11 प्रति कि.ग्रा. की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है।

उत्तराखण्ड सरकार आपकी है और आपके साथ है।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK

## राज्य में लगातार बढ़ रहा कोरोना का ग्राफ

**कोरोना कहर**

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में प्रवासियों की आमद बढ़ने के साथ ही कोरोना का ग्राफ भी बढ़ रहा है। शुक्रवार को कोरोना संक्रमित महिला के बेटे में भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। युवक कुछ दिन पहले अपनी मां के साथ गरुग्राम से देहरादून पहुंचा था। इससे पहले गुरुवार को दस साल की एक बच्ची समेत छह और कोरोना पॉजिटिव मिले थे। देहरादून और ऊधमसिंहनगर जिले में सामने आए ये सभी प्रवासी हैं। यह लोग दिल्ली और मुंबई से देहरादून लौटे थे। पिछले सात दिन में अन्य राज्यों से उत्तराखंड आए 16 लोग संक्रमित पाए गए हैं। राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या 81 पहुंच गई है, इनमें से 51 स्वस्थ हो चुके हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अमिता उप्रेती ने बताया कि गुरुवार को 366 सैंपल की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिनमें 360 की रिपोर्ट नेगेटिव और छह केस पॉजिटिव हैं।

**मंसाराम किरकिट मोहल्ले को लोगों ने किया सीलः** बूचड़खाना मोहल्ले से सटे क्षेत्रों को वहां के लोगों ने एहतियातन खुद ही सील कर लिया है। मंसाराम किरकिट मोहल्ले को वहां के निवासियों ने खुद ही सील कर बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। लोगों का कहना है कि बाहर से आने वाले लोगों की समुचित जांच नहीं हो रही।

**4800 लोगों को दून आने की मिली मंजूरीः** प्रवासियों को उत्तराखंड वापस आने की मंजूरी मिलने के बाद देहरादून वापस आने वाले लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। देहरादून जिला प्रशासन ने गुरुवार को ऐसे 4802 लोगों को के पास को स्वीकृति दी। इसके अलावा दून से बाहर जाने वाले लोगों के 1825 पास को मंजूरी दी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जो भी लोग दून आ रहे हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से होम क्वारंटाइन का पालन करना होगा। नियमों की अनदेखी करने वाले लोगों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम में तत्काल मुकदमा दर्ज करने को कहा गया है।

मां के बाद अब बेटे में भी कोरोना पॉजिटिव

### दो और मरीज हुए स्वस्थ

पंजाब और दिल्ली में संक्रमित पाए जाने के बाद उत्तराखंड में इलाज कराने वाले दो मरीजों समेत कुल संक्रमितों का आंकड़ा 80 पहुंच गया है। 51 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद वर्तमान में प्रदेश में 28 एक्टिव केस हैं। एक महिला की मौत भी हो चुकी है। गुरुवार को देहरादून में दो मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए हैं।

## केन्द्र सरकार के श्रमिक विरोधी कानूनों के खिलाफ धरना जारी

**संवाददाता** देहरादून। अटल ई–जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से उत्तराखण्ड के शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डे द्वारा राज्य में 500 स्थानों पर जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद किया गया। इस अवसर पर देहरादून के मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत कैप्टन प्रतीक आचार्य राजकीय इण्टरमीडिएट स्कूल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्मय से आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में उपस्थित हुए मसूरी विधायक गणेश जोशी ने शिक्षा मंत्री अरविन्द पांडेय से कहा कि आपने दूरस्थ क्षेत्रों की बात की, मैं राजधानी के अंदर विद्यालय में बैठा हूॅ। कई विद्यार्थियों के पास स्मार्ट फोन नहीं हैं और जिनके पास हैं, उनमें से कई शिक्षार्थी अपने फोन को रिचार्ज करवाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमारे विद्यालयों में कक्षा–कक्ष, प्रयोगशालाएं, अतिरिक्त कक्ष आदि का निर्माण भी करवाना होगा।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने विधायक जोशी ने सुझावों को गम्भीरता से लिया और कैबिनेट के समक्ष बात रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, अनुज रोहिला, विनय पाटनी, गोविन्द सिंह, संदीप कोठारी आदि उपस्थित रहे।

## बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने पर विस अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने आज बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने पर प्रदेशवासियों एवं सभी श्रद्धालुओं को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान श्री अग्रवाल ने भगवान बद्री विशाल से कोरोना महामारी के संकट का निवारण कर सभी के जीवन में खुशहाली लाने की कामना की है। अग्रवाल ने कहा है कि वह अक्सर कपाट खुलने के दिन बद्रीनाथ धाम जरूर पहुंचते थे परंतु देशव्यापी संकट में उन्होंने शुक्रवार सुबह कपाट खुलने पर घर पर ही रह कर भगवान नारायण का ध्यान किया।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।